# 15 जून को पेयजल आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी

**भिलाईनगर।** वर्षाऋतु के पूर्व नगर पालिक निगम भिलाई के शिवनाथ इंटेकवेल में संधारण कार्य किया जाना अति आवश्यक है। इस हेतु दिनांक 14.06.2025 को समय सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक शट—डाउन लिया जायेगा। शट—डाउन लिये जाने से शिवनाथ इंटेकवेल से जलप्रदाय पूर्णतः बाधित होने के कारण दिनांक 15.06.2025 को नगर निगम भिलाई एवं नगर निगम रिसाली के समस्त उच्चस्तरीय जलागारों में जलप्रदाय आंशिक रूप से बाधित रहेगी। संधारण कार्य पूर्ण होने पश्चात पूर्व की भांति जल प्रदाय चालू कर दिया जायेगा।

